प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 29.10.2021

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने 01 किलो 500 ग्राम अवैध गांजे के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर प्र0नि0 श्री अनिल कुमार द्वारा गठित उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार शुक्ला के नेतृत्व में टीम ने चैकिंग के दौरान एक अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्त राम बहादुर सिंह चन्देल पुत्र सुल्तान सिंह उम्र करीब 58 वर्ष को सिद्ध बाबा मन्दिर के पास ग्राम सिजवाहा थाना श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया, जिसमें टीम ने गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक झोले मे 01 किलो 500 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद किया, बरामद अवैध गांजा के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 158/21 धारा 8/20 NDPS ACT पंजीकृत किया गया व आवश्यक कविधिक कार्यवाही करते हुये अभि0 को मान0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## गिरफ्तार करने वाली टीम – .

1. उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार शुक्ला
2. का0 अजय सोनकर 3. का0 पुष्पेन्द्र सिह

## गिरफ्तार अभियुक्त-

राम बहादुर सिंह चन्देल पुत्र सुल्तान सिंह उम्र करीब 58 वर्ष नि0 ग्राम ढ़िकवाहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा



# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में पुलिस लाईन्स महोबा में किया गया बलवा ड्रिल का आयोजन।

आज दिनांक 29.10.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस लाईन्स ग्राउंड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया, परेड में क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारी, प्रत्येक थाने से आये अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

पुलिस लाईन्स महोबा मे परेड के पश्चात शान्ति-व्यवस्था के मद्देनजर बलवा ड्रिल का भी आयोजन किया गया, बलवा ड्रिल का निरीक्षण व उपकरणों का संचालन स्वयं पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा किया गया, इस दौरान समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें एंटी राइट गन, अश्रु गैस गन आदि अत्याधुनिक दंगा नियंत्रण उपकरणों द्वारा फायर कर डेमो परीक्षण किया गया, साथ ही क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी लाईन्स/चरखारी, प्रतिसार निरीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा बलवाईयों एवं दंगाइयों पर नियंत्रण हेतु मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया गया।

जिसमें पुलिस टीम का विभाजन किया गया जिसमें एक तरफ की टीम दंगाई बन नारेबाजी कर रहे थे, तो वहीं पूरी तैयारी के साथ उतरी पुलिस उनका डटकर मुकाबला कर रही थी, पहले पुलिस ने उन्हें चेतावनी दी, फिर पानी की बौछार की, नहीं माने तो डंडा लेकर दौड़ा दिया, इस दौरान बलवा करने वाले भागते नजर आए।

इस दौरान अलग-अलग टीमें बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया गया, जिसमें एलआईयू पार्टी, सिविल पुलिस पार्टी, फायर ब्रिगेड पार्टी, लाठी पार्टी, चिकित्सा पार्टी इत्यादि के रूप में बलवा ड्रिल का रिहर्सल करवाया गया, जिससे किसी भी तरह की लॉ एंड आर्डर की समस्या से निपटने के लिए तैयार रह सकें।



# महोबा पुलिस



## थाना महोबकंठ की संयुक्त पुलिस टीम ने 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के .गौतम के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस टीम द्वारा जनपद में अपराध की रोंकथाम एवं आपराधिक प्रवत्ति वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 29.10.2021 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री तेजबहादुर सिंह व प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्रीमती रीता सिंह द्वारा गठित संयुक्त पुलिस टीम ने अभियान में सम्मिलित होकर थानाक्षेत्र के ग्राम काशीपुरा व तेइया से दो नफर वारण्टी अभियुक्त 1. लख्खू पुत्र विहारीलाल उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम कनकुआ थाना महोबकंठ जिला महोबा संबंधित एस.एन न0 05/17 धारा 323/504/506/336 भादवि व 3(1)5क,3(1) द,ध **sc/st act** संबंधित मां0 न्याया0 अपर जिला जज एव सत्र न्यायाधीश कोर्ट न0 -02 विशेष न्यायाधीश **(sc/st)** महोबा व 2.पप्पू पुत्र रम्मू धोबी उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम तेइया थाना महोबकंठ जनपद महोबा परिवाद सं0-270/2011 अ0स0 522/08 धारा 279/337/338/304ए/427 भादवि से संबंधित मां0 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी महोबा में वारन्टी थे जिनको गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम-

1.उ0नि0 सुनील कुमार 2. उ0नि0 सूरज प्रसाद
3. का0 प्रवीण कुमार 4. कां0 प्रवेन्द्र कुमार



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 29.10.2021

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की संयुक्त पुलिस टीम ने वांछित व वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम के पर्यवेक्षण में अपराध की रोंकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 29.10.2021 को क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेशचन्द्र व थाना चरखारी प्रभारी निरीक्षक श्री शशि कुमार पाण्डेय द्वारा गठित संयुक्त पुलिस टीम ने अभियान में शामिल हुये जिसमें प्रथम टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त हन्नू पुत्र घप्पू उर्फ खेमचन्द्र निवासी सोहजना थाना चरखारी जिला महोबा सम्बन्धित मु0अ0सं0 260/21 धारा 147/323/504/506/452/308/427 **IPC** को सूपा चौराहे से गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में द्वितीय टीम द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्तगण क्रमशः 1. पार्वती पत्नी स्व0 जगमोहन उम्र करीब 50 वर्ष 2. रूप सिंह पुत्र लालदीवान उम्र करीब 28 वर्ष निवासी गण ग्राम कुरौरडांग थाना चरखारी जनपद महोबा सम्बन्धित मु0न0 34/18, अ0सं0 438/17 धारा 279/338/427/304**A IPC** को ग्राम कुरौराडाग से गिरफ्तार किया गया।

बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार अभियुक्तों को मां0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम-

1. उ0नि0 चेतराम
2. कां0 दीपनारायण शर्मा 3. हो0गा0 दिलीप कुमार
4. म0का0 आरती यादव थाना चरखारी जनपद महोबा।



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 29.10.2021

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा आयोजित करायी गयी निबन्ध लेखन प्रतियोगिता।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के आदेशानुसार तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में निबन्ध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन आज दिनांक 29.10.2021 को थाना कोतवाली महोबा क्षेत्रान्तर्गत वीर भूमि डिग्री कॉलेज, महोबा में कालेज प्रशासन की उपस्थिति में किया गया, जिसका विषय *राष्ट्र के निर्माण में पुलिस की भूमिका* था जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए जिसमें उनके द्वारा कहा गया कि पुलिस सुरक्षा कवच के समान है, पुलिस के बिना लोग सुरक्षित नहीं हैं, कोरोनावायरस संक्रमण के दौरान पुलिस द्वारा किए गए कार्यों की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम ही होगी।

निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों की कापियों का मूल्यांकन किया जा रहा है उत्कृष्ठ निबन्ध लेखन में दक्ष पाये जाने वाले विद्यार्थिओं का चयन कर पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किया जायेगा।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय ने *राष्ट्र के निर्माण में पुलिस की भूमिका* विषय पर बोलते हुये अपने वक्तव्य में उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय रहती है, 24*7 कार्य करती है जिससे समाज में शांति-सौहार्द बना रह सके क्षेत्र में कानून व्यवस्ता बनाये रखने के लिए पुलिस के ऊपर सबसे बड़ा दायित्व रहता है, इसलिये पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार ड्यूटी दी जाती है।






प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 29.10.2021

# महोबा पुलिस


मीडिया सेल, महोबा

## जनपदीय पुलिस द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र में पैदल गस्त कर की गई संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग




आज दिनाँक 29.10.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में शान्ति/कानून-व्यवस्था के मद्देनजर समस्त थानों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड, ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करके संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा सुरक्षा के दृष्टिगत मन्दिरों में पुलिस तैनात किया गया है, साथ ही लोगो को कोविड संक्रमण की तीसरी लहर के प्रति सचेत करते हुए मास्क का प्रयोग व 02 गज की दूरी सहित कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की गई। इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब कि दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

यातायात नियमो के उल्लंघन पर 66 ई-चालान किये गये , एवं कोविड-19 नियमों के उल्लंघन पर 09 व्यक्तियों से 2100 रु0 वसूले गए।



Mahoba Police